नई दिल्ली, 10 सितम्बर, 2014 : इंदौर की सरस्वती व चन्द्रभागा नदियों और उज्जैन की शिप्रा नदी के शुद्धिकरण को लेकर आज संसद भवन में अहम बैठक हुई । लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन की अध्यक्षता में संसद भवन में आयोजित इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के केंद्रीय मंत्रियों और मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री ने कार्य योजना पर क्रियान्वयन के लिए भरपूर सहयोग देने की बात कही। योजना में अमल के लिए जनभागीदारी की बात भी बैठक में उठी।

लोक सभा स्पीकर, श्रीमती सुमित्रा महाजन की पहल पर आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री, श्री वेंकैया नायडू, जल संसाधन, नदी विकास व गंगा पुनरुद्धार मंत्री, सुश्री उमा भारती, भूतल परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, श्री नितिन गडकरी तथा उनके मंत्रालय के राज्य मंत्री, श्री संतोष कुमार गंगवार और वन एवं पर्यावरण मंत्री, श्री प्रकाश जावड़ेकर अपने वरिष्ठ अधिकारियों सहित शामिल हुए। बैठक में मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री, श्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर के महापौर, श्री कृष्ण मुरारी मोघे, म. प्र के मुख्य सचिव, श्री अंटोनी जे सी डिसा, इंदौर के संभागायुक्त, श्री संजय दुबे, कलेक्टर, श्री आकाश त्रिपाठी, उज्जैन के कलेक्टर, श्री कवीन्द्र कियावत, आई आई टी कानपुर के प्रोफेसर, डॉ विनोद तारे सहित केंद्र और राज्य सरकार के सभी संबंधित विभागों-मंत्रालयों के प्रमुख सचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, श्री राजेश अग्रवाल भी उपस्थित थे।